**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री नरेश चन्द्र उत्तम, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-06 का उत्तर**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 6(क) | क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश के कितने खेलों में मान्यता प्राप्त खेल संघ है, और इनमें से कितने खेल संघों को भारतीय ओलंपिक संघ से संबद्धता प्राप्त है ? | 32 खेलों के प्रदेशीय क्रीड़ा संघ मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त है, जिनमें उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार भारतीय ओलम्पिक संघ से 29 खेलों के प्रदेशीय क्रीड़ा संघों को मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त है। |
| (ख) | उक्त में से कितने खेल संघों में महिला खिलाड़ियों के मानसिक या शारीरिक उत्पीडन की शिकायतें सुनने की वैधानिक व्यवस्था है ? | मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त खेल संघों में शिकायतें सुनने की वैधानिक व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ द्वारा महिला खिलाडियों के मानसिक या शारीरिक उत्पीड़न की शिकायतें सुनने के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित है। |
| (ग) | गत वर्ष 2022-23 में महिला खिलाडियों की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई, और उन पर क्या कार्यवाही हुई ? | गत वर्ष 2022-23 में एक शिकायती पत्र दिनांक 26.01.2022 प्राप्त हुआ था। उक्त शिकायती पत्र को प्रेषित करने वाले किसी खिलाड़ी का नाम एवं पता अंकित नहीं है, केवल समस्त पीडित खिलाड़ी अंकित है, जिसके क्रम में प्रश्नगत प्रकरण में जॉच कर जॉच आख्या उपलब्ध कराने हेतु शासन के पत्र दिनांक 08.02.2022 एवं दिनांक 22.08.2022 जिलाधिकारी लखनऊ को प्रेषित किया गया है। |
| (घ) | प्रदेश की महिला खिलाडियों के विकास हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ? | खेल विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित योजनाओं का विवरण |

निम्नवत् है :-

01- प्रशिक्षण शिविर

02- विभिन्न स्तरीय प्रतियोगिताएं (जनपद स्तर पर -26 जनवरी पर साइकिल रेस, 15 अगस्त पर क्रास कण्ट्री दौड़ तथा 02 अक्टूबर, पर पैदल चाल प्रतियोगिता, 34 विभिन्न खेलों की राज्य स्तरीय बालिका/महिला प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा 02 अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताएं- अखिल भारतीय आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता, इंदिरा मैराथन प्रतियोगिता।

03- राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के पदक विजेता खिलाडियों को पुरस्कार/प्रोत्साहन राशि।

04- प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार

05- भूतपूर्व प्रसिद्ध पहलवानों/महानुभाव खिलाडियों को आर्थिक सहायता

06- एकलव्य क्रीड़ा कोष नियमावली-2021 के अन्तर्गत प्रदेश के खिलाडियों को आर्थिक सहायता/फैलोशिप प्रदान करना।

गिरीश चन्द्र यादव

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

उत्तरालेख्य